मध्य रेल

भुसावल मंडल

# तापी

त्रैमासिक ई-सूचना पत्र

**अंक 6** **जनवरी - मार्च 2013**




साइट : **http:/www.cr.indianrailways.gov.in / about us / divisions / bhusawal / Administration**

# मंडल पर राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की प्रगति

## राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठक

- मंडल समिति की बैठक

मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष माननीय मंडल रेल प्रबंधक श्री महेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में दिनांक 12.03.2013 को मंडल समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें मंडल कार्यालय के सभी शाखा अधिकारी, स्टेशन समितियों के पदेन अध्यक्ष एवं स्टेशन प्रबंधक उपस्थित हुए। बैठक के दौरान आलोच्य तिमाही में हिंदी की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा, सभी सदस्यों को हिंदी डिक्टेशन योजना तथा 20 हज़ार शब्दों वाली पुरस्कार योजना की बढी हुई राशि की जानकारी दी गई तथा इस योजना में भाग लेने के लिए सदस्य अधिकारियों से अनुरोध किया गया। मंडल पर राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में माननीय मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इस बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

1. वार्षिक कार्यक्रम 2012-13 के अंतर्गत हिंदी में मूल पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल किया जाए।
2. रजिस्टरों / डायरियों में लक्ष्य के अनुसार हिंदी में प्रविष्टियां की जाएं।
3. सभी अधिकारी अपने नियमित निरीक्षणों के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रयोग का निरीक्षण करें और निरीक्षण रिपोर्ट में उसका उल्लेख भी करें।
4. चिकित्सा विभाग में स्वस्थता / अस्वस्थता प्रमाणपत्र हिंदी में बनाए जाने की दृष्टि से राजभाषा विभाग द्वारा अभियान चलाया जाए।
5. सदस्यों से प्राप्त सुझाव:
   स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति शेगांव के पदेन अध्यक्ष एवं स्टेशन प्रबंधक ने सुझाव दिया कि यातायात निरीक्षक की निरीक्षण रिपोर्ट हिंदी में जारी हो तो कर्मचारियों को टिप्पणी का आशय समझने में सुविधा होगी।




मंडल समिति की बैठक एक झलक

- **स्टेशन समिति की बैठक**

जनवरी से मार्च की तिमाही के दौरान एम ओ एच शेड, क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय तथा भुसावल, जलगांव, चालीसगांव, मनमाड, नासिक रोड, शेगांव, अकोला, मुर्तिज़ापुर, बडनेरा, बुरहानपुर तथा खंडवा स्टेशनों पर गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई तथा सभी सदस्यों को हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी जानकारी दी गई ।

## कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला

इस तिमाही के दौरान विद्युत लोको शेड भुसावल में कार्यरत लिपिकवर्गीय कर्मचारियों के लिए दिनांक 18.02.2013 से 22.02.2013 तक पाँच दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 20 लिपिकवर्गीय कर्मचारियों को हिंदी टिप्पण एवं आलेखन तथा विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया गया।

## कर्मचारियों को टेबल ट्रेनिंग

इस तिमाही में राजभाषा विभाग के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न विभागों के कुल 23 लिपिकवर्गीय कर्मचारियों को टेबल ट्रेनिंग दी गई।

## कंप्यूटरों में यूनिकोड फोंट सक्रियकरण

इस तिमाही में राजभाषा विभाग के कर्मचारियों द्वारा मंडल के 22 कंप्यूटरों में यूनिकोड फोंट सक्रिय किया गया तथा लिपिकवर्गीय कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों को कंप्यूटरों में यूनिकोड फोंट सक्रिय करने तथा यूनिकोड फोंट में काम करने का प्रशिक्षण दिया गया।

## राजभाषा प्रगति विषयक निरीक्षण

आलोच्य तिमाही के दौरान मंडल के राजभाषा अधिकारी द्वारा भुसावल, नासिकरोड, खंडवा, अकोला और बडनेरा स्टेशनों के विभिन्न अनुभागों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी निरीक्षण किए गए।

## राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) का अनुपालन

राजभाषा अधिनियम 1963 (यथा संशोधित 1967) की धारा 3 (3) के अंतर्गत निर्दिष्ट सभी प्रलेखों अर्थात सामान्य आदेश, अधिसूचनाएं, प्रेस विज्ञप्तियां, संविदाएं, करार, लाइसेंस, परमिट टेंडर के फार्म और नोटिस, संकल्प, नियम, संसद के एक या दोनों सदनों में प्रस्तुत सरकारी कागज-पत्र, संसद के एक या दोनों सदनों में प्रस्तुत प्रशासनिक तथा अन्य रिपोर्टें, संसद के एक या दोनों सदनों में प्रस्तुत रिपोर्टों के अलावा अन्य प्रशासनिक रिपोर्टें हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किया जाना अनिवार्य है।

राजभाषा नियम 1976 (शासकीय प्रयोजनों के लिए) के उप नियम 6 के अनुसार इन कागजातों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्तियों का यह उत्तरदायित्व है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि ऐसे कागजात हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में एक साथ तैयार किए जाते हैं, निष्पादित किए जाते हैं और जारी किए जाते हैं।

मंडल पर आलोच्य तिमाही के दौरान धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले सभी 245 कागजात केवल हिंदी या हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किए गए हैं।

चूँकि धारा 3 (3) का शत-प्रतिशत अनुपालन करना संवैधानिक अनिवार्यता है और संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान इस मद पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अत: अध्यक्ष रेलवे बोर्ड के निदेशानुसार धारा 3 (3) के दस्तावेजों के रिकॉर्ड हेतु राजभाषा विभाग में समेकित रूप से एक अलग फोल्डर रखा गया है।

## भर्ती / प्रोन्नति परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में हिंदी का प्रयोग

आलोच्य तिमाही में कार्मिक विभाग द्वारा कुल 06 विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं आयोजित की गईं । सभी विभागीय पदोन्नति परीक्षाओं में हिंदी का वैकल्पिक माध्यम उपलब्ध कराया गया है। इन परीक्षाओं में कुल 50 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इनमें से 32 परीक्षार्थियों ने हिंदी माध्यम से उत्तर लिखा तथा शेष 18 परीक्षार्थियों ने अंग्रेजी माध्यम से उत्तर लिखा। हिंदी माध्यम से उत्तर लिखने वाले परीक्षार्थियों में से 09 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए जबकि अंग्रेजी माध्यम से उत्तर लिखने वाले परीक्षार्थियों में से कोई भी उत्तीर्ण नहीं हुआ।

## उच्च प्रशिक्षण / पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों में हिंदी का प्रयोग

आलोच्य तिमाही में मंडल के निम्नलिखित सभी प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं को हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया तथा परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र हिंदी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराए गए :-

| क्र. | प्रशिक्षण केंद्र | शाखा | जनवरी 13 | फरवरी 13 | मार्च 13 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (स.तथा मा.) | यांत्रिक | 15 | 21 | 20 | 56 |
| 2. | क्षेत्रीय यातायात प्रशिक्षण स्कूल | परिचालन | 75 | 62 | 35 | 172 |
| 3. | मंडल प्रशिक्षण केंद्र | इंजीनियरी | 09 | 07 | 09 | 25 |
| 4. | चालक (लोको पायलट) प्रशिक्षण केंद्र | विद्दुत (टीआरओ) | 09 | 09 | 09 | 27 |
| | | कुल जोड | 108 | 99 | 73 | 280 |

## विभागीय बैठकों की कार्यवाही हिंदी या मिली-जुली भाषा में और उनकी कार्यसूची / कार्यवृत्त

मंडल के विभिन्न विभागों द्वारा इस तिमाही में कुल 13 विभागीय बैठकें संपन्न की गई । सभी बैठकों की कार्यसूची तथा कार्यवृत्त शत-प्रतिशत हिंदी में बनाए गए। इन बैठकों में समयपालन तथा यूनियनों आदि के साथ संपन्न बैठक के कार्यवृत्त का समावेश है।

## स्टेशन संचालन नियम

मंडल पर कुल 99 स्टेशन संचालन नियम हैं। स्टेशन संचालन नियमों में संशोधन एक सतत प्रक्रिया है। संशोधित स्टेशन संचालन नियमों को द्विभाषी रूप में जारी करने के लिए परिचालन शाखा द्वारा कार्य जारी है। इस तिमाही के दौरान वरणगांव, पारस, मनमाड स्टेशन संचालन नियम, सामान्य एवं सहायक नियम 13.7 तथा माहेजी फाटक संख्या 6 को द्विभाषी रूप में उपलब्ध कराया गया।

## तकनीकी संगोष्ठी

31 मार्च, 2013 को समाप्त तिमाही के दौरान मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के तत्वावधान में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में "कोच तथा वैगन में ब्रेक बाइंडिंग के कारण तथा दोष निवारण, आरओएच के दौरान चेक किए जाने वाले महत्वपूर्ण आयाम, नॉन स्टॉप इंडेंट, डिफाइड ब्रेक सिस्टम, सेफ टू रन परीक्षण तथा पैसेंजर शिकायतों का निवारण, डिरेलमेंट की विस्तृत जानकारी, आपदा प्रबंधन, एल.एच.बी. तथा हाई स्पीड कोच की विस्तृत जानकारी, सवारी तथा मालडिब्बा में उपयोग होने वाले एमएण्डपी की जानकारी, एक्सल पर अल्ट्रॉसोनिक टेस्टिंग, ह्वील डिफेक्ट, वर्ष 2012-13 में सभी डेपो के उपलब्धियों के विषय में चर्चा तथा एआरटी की कार्य प्रणाली" विषयों पर तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए गए। उक्त संगोष्ठियों में कुल 619 कर्मचारियों ने भाग लिया।



तकनीकी संगोष्ठी की एक झलक

## संरक्षा संगोष्ठी

परिचालन शाखा द्वारा दिनांक 14.02.2013 को एरिया ट्रैफिक ट्रेनिंग सेन्टर में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सहायक परिचालन प्रबंधक (सामान्य) द्वारा संरक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन किया गया। इस संगोष्ठी में कुल 38 परिवहन निरीक्षक / प्रशिक्षार्थी (कांटेवाले) उपस्थित थे।

## अभिनव कार्य

- विद्युत इंजीनियरी (सामान्य) शाखा द्वारा ऑन बोर्ड कर्मचारियों के मार्गदर्शन के लिए "गाड़ी प्रकाश तथा वातानुकूलन संबंधी मुख्य बातें एवं दोष निवारण" नामक एक हैंडबुक हिंदी-अंग्रेजी डिग्लॉट फार्म में तैयार की गई। इस हैंडबुक का विमोचन मध्य रेल के माननीय महाप्रबंधक श्री सुबोध जैन के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस हैंडबुक को साथ में रखने के कारण ऑन बोर्ड कर्मचारियों द्वारा बिजली संबंधी सामान्य घटनाओं को तत्काल ठीक कर लिया जा रहा है जिससे बिजली शाखा के कारण गाडियों के समयपालन में कोई कमी नहीं आ रही है।







- विद्युत इंजीनियर (सामान्य) शाखा द्वारा "बोगी में आग लगने से बचाव" के संबंध में एक चेतावनी स्टीकर हिंदी में बनाया गया और गाडियों के डिब्बों में इसे चिपकाया गया। डिब्बों में यह स्टीकर लगाए जाने के बाद से यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिला है और उनमें जागरुकता बढी है। महाप्रबंधक, मध्य रेल ने भुसावल मंडल के इस पहल की बहुत सराहना की है और अन्य मंडलों को भी इस तरह के स्टीकर बनाने के निर्देश दिए गए।

## हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय

- **साहित्यकारों की जयंती**

मंडल के क्षेत्राधिकार में विभिन्न कार्यालयों में हिंदी के सुप्रसिद्ध साहित्यकारों के नाम पर हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय खोले गए हैं। हिंदी पुस्तकालयों को अधिक से अधिक उपयोगी बनाने की दृष्टि से मंडल के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में आर.ओ.एच.शेड, भुसावल में दिनांक 17.01.2013 को रांगेय राघव, ताप्ती क्लब में दिनांक 30.01.2013 को जय शंकर प्रसाद तथा बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा) भुसावल में दिनांक 26.03.2013 को महादेवी वर्मा के जन्म-दिवस पर इन साहित्यकारों की जयंती मनाई गई तथा उनकी रचनाओं से रेलकर्मियों को अवगत कराने के साथ-साथ उन्हें प्रदर्शित भी किया गया तथा इन महान साहित्यकारों की रचनाओं को पढने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया गया।

- **पाठक मंच की बैठक**

आलोच्य तिमाही के दौरान हिंदी पुस्तकों को पढने के प्रति सदस्यों की रुझान बढाने, हिंदी पुस्तकालयों को अधिक से अधिक उपयोगी बनाने तथा पाठक सदस्यों से सुझाव प्राप्त करने की दृष्टि से रांगेय राघव हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, आरओएच / भुसावल; बाबू जयशंकर प्रसाद हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, ताप्ती क्लब तथा महादेवी वर्मा हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय, बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा) / भुसावल में पाठक मंच की बैठक की गई। उपर्युक्त बैठकों में वर्ष 2013-14 के दौरान हिंदी पुस्तकों की खरीद पर भी विचार-विमर्श किया गया। पाठक सदस्यों ने उक्त साहित्यकारों की सभी रचनाएं हिंदी पुस्तकालय में उपलब्ध कराने के सुझाव दिए।

- **हिंदी पुस्तकालयों का निरीक्षण**

आलोच्य तिमाही के दौरान में स्थित महादेवी वर्मा हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा) / भुसावल का राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा निरीक्षण किया गया।

## पुरस्कार और प्रोत्साहन योजनाओं का विवरण

रेलवे बोर्ड की सभी प्रोत्साहन योजनाएं मंडल पर लागू की गई हैं। वर्ष 2012-13 के दौरान 09 अधिकारियों को हिंदी डिक्टेशन पुरस्कार, 05 अधिकारियों तथा 25 कर्मचारियों को समय-समय पर हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए मंडल स्तर पर राजभाषा पुरस्कार प्रदान किया गया। रेलवे बोर्ड द्वारा निम्नलिखित प्रोत्साहन योजनाओं की राशि में वृद्धि की गई है:

### 1. अधिकारियों द्वारा हिंदी में डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन राशि

| पुरस्कार | पहले | अब |
|---|---|---|
| 'क'/'ख' क्षेत्र के अधिकारी के लिए (1) | रु. 1000/- | रु. 2000/- |
| 'ग" क्षेत्र के अधिकारी के लिए (1) | रु. 1000/- | रु. 2000/- |

### 2. सरकारी कामकाज (टिप्पण / आलेखन) मूल रूप से हिंदी में करने के लिए पुरस्कार राशि

| पुरस्कार | पहले | अब |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (2) | रु. 800/- | रु. 1600/- |
| द्वितीय पुरस्कार (3) | रु. 400/- | रु. 800/- |
| तृतीय पुरस्कार (5) | रु. 300/- | रु. 600/- |

## मौलिक रचनाएं

# जीवन की परिभाषाएं

बोल सको तो मीठा बोलो, कटु बोलना मत सीखो।
लगा सको तो बाग लगाओ, आग लगाना मत सीखो।।
जला सको तो गम जलाओ, दिलों को जलाना मत सीखो।
मिटा सको तो अहम मिटाओ, प्रेम मिटाना मत सीखो।।

बिछा सको तो फूल बिछाओ, शूल बिछाना मत सीखो।
बता सको तो सुपथ बताओ, पथ भटकाना मत सीखो।।
दुनिया एक कसौटी है, इस पर खुद को कस कर देख।
अपने घर का मंजर देख, फिर दुनिया के अंदर देख।
सबसे है महफ़ूज़ जगह, अपने अंदर छिप कर देख।।

श्रीमती नीहारिका मल्होत्रा
धर्मपत्नी डॉ. राकेश मल्होत्रा
वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (एस.जी.)
मध्य रेलवे चिकित्सालय, भुसावल.

# गोपनीय रिपोर्ट में प्रयोग किए जाने वाले हिंदी वाक्यांश

सभी स्तर के कर्मचारियों के काम के बारे में प्रतिवर्ष गोपनीय रिपोर्टें लिखी जाती हैं जिनके आधार पर उनकी पदोन्नति, वेतनवृद्धि, स्थायीकरण, आदि के संबंध में निर्णय लिए जाते हैं। इन रिपोटों को लिखते समय पर बहुधा निम्नलिखित शब्दों तथा वाक्यांशों का प्रयोग होता है। उनके हिंदी पर्यायों से परिचित होने पर इन रिपोर्टों को हिंदी में लिखने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

| | |
|---|---|
| Academic | शैक्षणिक / अकादमिक |
| Accepting Officer | स्वीकृति अधिकारी |
| Accomplished | सिध्द / प्रवीण / कुशल |
| Accuracy | परिशुध्दता / यथार्थ / सही |
| Ace Person | श्रेष्ठ व्यक्ति |
| Achievements | उपलब्धियां |
| Active | सक्रिय |
| Adamant Attitude | अड़ियल रवैया |
| Adaptable | अनुकूलनशील |
| Additional Responsibility | अतिरिक्त दायित्व |
| Administrative capability | प्रशासनिक या प्रशासकीय क्षमता / प्रशासन क्षमता |
| Admonish | भर्त्सना करना |
| Adventurous | साहसी |
| Adverse | प्रतिकूल |
| Adverse remarks | प्रतिकूल टिप्पणी / अभ्युक्ति |
| Alert | सतर्क, चौकन्ना, सावधान, चौकस |
| All Rounder | सर्वकार्य कुशल |
| Amenable | आज्ञाकारी |
| Amenable to discipline | अनुशासन मानने वाला, अनुशासन पालक |
| An asset to the organization | संगठन के लिए पूंजी समान या अत्यंत उपयोगी |
| Analytical mind | विश्लेषणात्मक मस्तिष्क, विश्लेषणात्मक या विश्लेषक बुध्दि संपन्न |
| Application | प्रयोग, आवेदन, अनुप्रयोग |
| Appraisee | स्वमूल्यांकिती |
| Appreciable | समझने योग्य, सराहनीय |
| Appreciate | समझना, सराहना |
| Approach to customers | ग्राहकों के प्रति व्यवहार |
| Appropriate | उपयुक्त |

| | |
|---|---|
| Aptitude | अभिरूचि, स्वाभाविक रुझान |
| Arduous responsibilities can undertake | दुष्कर उत्तरदायित्व संभाल सकते हैं |
| Assumes responsibility | उत्तरदायित्व वहन करते हैं |
| Attentive | दत्तचित, सचेत |
| Authority | प्राधिकारी |
| Average | औसत, सामान्य |
| Averse | विमुख, अनिच्छुक |
| Behaviour | व्यवहार, गतिविधि |
| Behaviour towards | के प्रति व्यवहार, के प्रति बर्ताव |
| Better | बेहतर |
| Beyond doubt | संदेह से परे / असंदिग्ध |
| Bilingual | द्विभाषी |
| Borne in mind | ध्यान में रखना |
| Brilliant | मेधावी, प्रतिभाशाली, प्रतिभासंपन्न |
| Capability | सक्षमता |
| Capacity | क्षमता |
| Capacity to work | काम करने की क्षमता |
| Careful | सतर्क / सावधान |
| Career development | संभावित विकास |
| Character | चरित्र, चारित्रिक दृढता |
| Charismatic | करिश्माई |
| Concentrate | केंद्रित होना या केंद्रित करना |
| Conduct | आचरण, आचार |
| Confidence | विश्वास / भरोसा |
| Confidential | गोपनीय / विश्वस्त |
| Confine | सीमित रखना |
| Consistent | संगत |
| Confirm | पुष्टि करना |
| Constraints | बाध्यकारिताएं |
| Control over subordinates | अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण |
| Comment upon | पर टिप्पणी देना |
| Commitment | वचनबध्दता / जुड़ाव |
| Communicate | सूचित करना |

| | |
|---|---|
| Competent | समर्थ, सक्षम, निपुण, सुयोग्य |
| Cool headed | स्थिरचित, प्रशांत, शांतमन |
| Co-ordination ability | समन्वय की योग्यता |
| Coped with the work well even when placed in odd circumstances | प्रतिकूल परिस्थितियों में भी काम अच्छी तरह संभाला |
| Cordial relations | मैत्रीपूर्ण संबंध / सौहार्दपूर्ण संबंध |
| Cost & expenditure control | लागत और व्यय नियंत्रण |
| Courtesy | शालीनता, शिष्टता, शिष्टाचार, सौजन्यता, विनम्रता |
| Crime prevention | अपराध रोकथाम |
| Critical | आलोचनात्मक, विवेचनात्मक |
| Crucial | निर्णायक / संकटकालीन |
| Dealing with public | जनता के साथ व्यवहार |
| Decision making ability | निर्णय लेने की योग्यता |
| Dedication | समर्पण भाव |
| Definite | सुस्पष्ट / निश्चित |
| Defy | अवज्ञा करना |
| Dependable | विश्वसनीय, निर्भर रहने योग्य |
| Deserves promotion out of turn | बिना बारी पदोन्नति का पात्र |
| Deviate | व्यतिक्रम / विचलन |
| Devotes well in his work | अपने काम में दत्तचित्त रहते हैं |
| Devotion | निष्ठा / समर्पण |
| Devotion to duty | कर्तव्य परायणता |
| Difference of opinion | मतभिन्नता / मतवैविध्य / मतभेद |
| Diligent | मेहनती, परिश्रमी, उद्यमी, अध्यवसायी |
| Disposal | निपटारा, निपटाना, निवर्तन व्यय |
| Doubtful | संदिग्ध |
| Drive | प्रबल कार्योत्साहक |
| Due course promotion in | पदोन्नति यथासमय |
| Dutiful | कर्तव्यनिष्ठ |
| Easily one of the best | निसंदेह सर्वोत्तम में से एक |
| Efficient worker | कार्यदक्ष, कार्यकुशल कर्मचारी |
| Eminently suitable | विशिष्टतया उपयुक्त |
| Emotional stability | संवेगात्मक स्थिरता |

| | |
|---|---|
| Energetic | कर्मशील, स्फूर्तिवान, कर्मठ |
| Enthusiastic | उत्साही |
| Exemplary | अनुकरणीय, शिक्षात्मक, आदर्श स्वरूप |
| Excellence | उत्कृष्टता |
| Excellent | श्रेष्ठ,  उत्कृष्ट |
| Exceptional Merit | असाधारण योग्यता |
| Executive ability | कार्य संपादन योग्यता / प्रशासनिक योग्यता, कार्यपालन क्षमता |
| Exemplary punishment | शिक्षात्मक, उदाहरणात्मक दंड |
| Expeditiously | तत्परता से,  शीघ्रता से |
| Experienced | अनुभवी |
| Expression is lucid | अभिव्यक्ति, भावाभिव्यक्ति स्पष्ट है |
| Extremes | अधिकतम, दूरतम |
| Facile | सरल स्वभाव, विनयशील, सौम्य, मृदु |
| Fair | सामान्य, असाधारणतया अच्छा |
| Faithful | विश्वसनीय |
| Fantastic | विलक्षण, अनोखा |
| Financial | वित्तीय |
| First class | प्रथम श्रेणी |
| Fit for confirmation | स्थायी किए जाने योग्य |
| Fit for promotion | पदोन्नति के योग्य |
| Fitness | योग्यता |
| Flair for executive work | प्रबंध कार्य की सहज प्रवृत्ति |
| Follow-up-action | अनुवर्ती कार्रवाई |
| Foresight | दूरदर्शिता |
| Genius | प्रतिभाशाली |
| Goes deep in intricate matter | जटिल विषयों में गहराई तक जाते हैं |
| Good | अच्छा, उत्तम, भला |
| Good command over language | भाषा पर अच्छा अधिकार |
| Good grasp | अच्छी पकड़ |
| Grading | ग्रेड निर्धारण |
| Grand | भव्य, शानदार |
| Grip | पकड़ |
| Grudge | अनिच्छा से देना |

| | |
|---|---|
| Guidance | मार्गदर्शन |
| Half hearted | निरूत्साही |
| Handle | सँभालना |
| Hard working | परिश्रमी |
| Has good knowledge of office procedure & rules | कार्यविधि और नियमों की अच्छी जानकारी है |
| Has few equals | कुछ ही इनकी समानता कर सकते हैं |
| Health | स्वास्थ्य |
| Honest | ईमानदार |
| Human Resource Development | मानव संसाधन विकास |
| Impartial | निष्पक्ष |
| Immodest | अविनीत, धृष्ट |
| Impracticable | अव्यवहारिक |
| Indiscreet | अविवेकी, अदूरदर्शी |
| Indispensable | अपरिहार्य |
| Industrious | परिश्रमी, अध्यवसायी, मेहनती |
| Inexperienced | अनुभवहीन |
| Initiative | पहल शक्ति, पहल, स्वत: प्रेरणा, सूत्रपात क्षमता |
| Integrity | सत्यनिष्ठा |
| Integrity doubtful | सत्यनिष्ठा संदेहास्पद |
| Integrity is beyond doubt | सत्यनिष्ठा संदेह से परे है |
| Intelligent | बुध्दिमान, प्रज्ञासंपन्न सतर्क, होशियार |
| Inter personal | परस्पर |
| Intricate | जटिल, पेचीदा |
| Keen | जिज्ञासु |
| Knowledge of rules is good | नियमों  का अच्छा ज्ञान है |
| Lacks initiative | पहल शक्ति का अभाव है |
| Late comer | देर से आनेवाला |
| Loyal | वफादार, विश्वस्त |
| Luminary | प्रकांड विद्वान |
| Maintained his good record | अपने अच्छे रिकार्ड को कायम रखा |
| Maintains good control | अच्छा नियंत्रण रखते है |
| Maintains files properly | फाइलों को कायदे से रखते हैं |

| | |
|---|---|
| Master | अधिकारी, निष्णात |
| Maturity his performance reflects | उनके कामों में परिपक्वता झलकती है |
| Mediocre | मध्यम, साधारण मामूली औसत दर्जे का, अति सामान्य |
| Mental alertness | मानासिक जागरूकता, सजगता |
| Merit | गुण, गुणवत्ता, कुशलता, सुयोग्यता |
| Methodical | रीति परायण, पध्दतिशील |
| Motivation | उत्प्रेरण |
| Multifarious | बहुविधि कर्तव्य |
| Need guidance | मार्गदर्शन की आवश्यकता है |
| Need training | प्रशिक्षण की आवश्यकता है |
| Notable work | उल्लेखनीय कार्य |
| Not applicable | लागू नहीं |
| Not yet fit for promotion | अभी पदोन्नति के योग्य / लायक नहीं |
| Obedient | आज्ञाकारी, आज्ञापालक |
| Objectives | उद्देश्य |
| Of rare competence | असाधारण क्षमता का |
| Ordinary | साधारण, मामूली सामान्य |
| Out put | निष्पादन / कार्य परिणाम |
| Output is handsome | (उनके) काम की मात्रा उत्तम है |
| Out standing | उत्कृष्ट |
| Over all | समग्र |
| Own conduct | अपना आचरण, स्व – आचरण |
| Patient | धैयवान, शांत, सहनशील |
| Performance | कार्य निष्पादन |
| Performance is good | कार्य निष्पादन उत्तम है |
| Personal data | व्यक्तिगत विवरण |
| Personality | व्यक्तित्व |
| Physical | भौतिक, वस्तुपरक, वास्तविक |
| Picks up well | अच्छी तरह ग्रहण करते हैं |
| Pleasant manners | मनोहर, शिष्ट व्यवहार |
| Pleasant personality | सौम्य व्यक्तित्व |
| Poor | हल्के दर्जे का, घटिया |
| Poor work | हीन कोटि का कार्य, घटिया काम |

| | |
|---|---|
| Potential | संभावनाएं, संभाव्य |
| Present grade | वर्तमान ग्रेड |
| Prevalent | प्रचलित |
| Professional | व्यवसायिक |
| Promising | होनहार, आशाजनक |
| Prompt | तत्पर, स्फूर्त, तुरंत कार्य करनेवाला |
| Protection | सुरक्षा |
| Public relation, good in | जनसंपर्क कार्यों में उत्तम |
| Punctual | समय का पाबंद |
| Qualitative | गुणात्मक |
| Quality | गुणवत्ता, क्वालिटी |
| Quantitative | परिणाम संबंधी, मात्रात्मक |
| Quick | फुर्तीला, शीघ्रकारी, त्वरित |
| Quiet | शांत, नम्र, सौम्य, गंभीर |
| Ready to undertake strenuous work | कठिन काम करने को भी तैयार रहते हैं |
| Rarely came across such a brilliant person | मुझे इनके समान मेधावी विरले ही मिले हैं |
| Reasonable | उचित, ठीक-ठाक |
| Refresher course | पुन:श्चर्या पाठयक्रम |
| Relationship with colleagues | सहकर्मियों के साथ संबंध |
| Reliable | विश्वसनीय, विश्वस्त |
| Remedies | उपाय |
| Rendered most valuable services | अत्यंत बहुमूल्य सेवा की |
| Reporting officer | रिपोर्ट लिखने / देने वाला अधिकारी, प्रतिवेदक अधिकारी, रिपोर्टिंग अधिकारी |
| Reprimand | भर्त्सना |
| Reputation | ख्याति, प्रतिष्ठा |
| Resourcefulness | उपाय, कुशलता, उपाय कौशल |
| Responsibility | उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी, दायित्व |
| Reviewing officer | पुनरीक्षण अधिकारी |
| Richly deserves promotion | पूर्णतया पदोन्नति का पात्र है |
| Safety consciousness | संरक्षा संबंधी जागरूकता |
| Satisfactory | संतोषप्रद, संतोषजनक |

| | |
|---|---|
| Seasoned | मंजा हुआ, परिपक्व, पूर्ण अनुभवी |
| Secret | गुप्त |
| Selection | प्रवरण, चयन, चुनाव, पसंद |
| Selection grade | प्रवरण ग्रेड |
| Senior scale | वरिष्ठ वेतनमान |
| Shaping well | अच्छे ढंग पर आ रहा है, काम ठीक-ठाक करने लगा है. |
| Short comings | कमियां |
| Short falls | कमियां |
| Skills | कौशल, कुशलता |
| Smart | फुर्तीला, चुस्त |
| Sound and mature judgment | युक्ति संगत तथा परिपक्व निर्णय |
| Specific contribution | विशिष्ट योगदान |
| Still there is room for improvement | अब भी सुधार की गुंजाइश है |
| Straight forward | खरा, स्पष्टवादी |
| Submissive | आज्ञानुवर्ती, विनम्र |
| Subordinate staff capacity to get work from | अधीनस्थ कर्मचारियों से कार्य लेने की क्षमता |
| Superior | वरिष्ठ, प्रवर, उच्च, उत्तम, श्रेष्ठ |
| Supervision slack | शिथिल पर्यवेक्षण, ढीली देख-रेख |
| Systematic | व्यवस्थित , क्रमबध्द |
| Tactful | व्यवहार कुशल,  चतुर,  पटु |
| Takes interest | रूचि लेता है, दिलचस्पी लेता है |
| Takes pains | मेहनती है |
| Targets | लक्ष्य |
| Targets set | निर्धारित लक्ष्य |
| Task relevant | कार्यसंगत |
| Team work | समूह कार्य, सम्मिलित कार्य, सामूहिक कार्य |
| Team spirit | टीम भावना, समूह भावना |
| Technical ability | तकनीकी योग्यता |
| Thorough | सम्यक रूप से काम करने वाला, परिपूर्ण, साद्यंत, सांगोपांग |
| Top class | सर्वोत्तम श्रेणी का, उच्चतम श्रेणी का |
| Trust worthy | विश्वास पात्र, विश्वसनीय |
| Unassuming | निरभिमानी, सरल |

| | |
|---|---|
| Unfit for promotion | पदोन्नति के लिए अनुपयुक्त |
| Unforeseen situation | अदृश्य या आकस्मिक परिस्थितियां |
| Ungrudging | काम में आनाकानी न करनेवाला |
| Vary | भिन्नता |
| Very good | बहुत अच्छा |
| Very efficient | अत्यंत कार्यकुशल |
| Vigilance | सतर्कता |
| Vital installation | अति महत्वपूर्ण संस्थापनाएं |
| Well above the average | औसत से अच्छा है. |
| Well behaved | अच्छा व्यवहार है |
| Well disciplined | सु-अनुशासित |
| Well mannered | सुशील, शिष्ट, शालीन |
| Well read | बहुपठित, अध्ययन अच्छा है |
| Well up in rules and regulations | नियमों और विनियमों से सुपरिचित, नियमों और विनियमों की अच्छी जानकारी |
| Well versed in office routine | कार्यालय के नियमित कार्य में दक्ष |
| Willing | प्रस्तुत, तत्पर, इच्छुक |
| Willingness | इच्छा शक्ति |
| Willing support | स्वत: स्फूर्त समर्थन |
| Work & behavior is very good | कार्य और व्यवहार बहुत अच्छा है |
| Zeal work with | उत्साह से काम करते हैं |

*****

# संपादकीय,

*त्रैमासिक सूचना-पत्र ताप्ती का छठा अंक आपको समर्पित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। इस सूचना-पत्र में मंडल पर राजभाषा कार्यान्वियन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों, रेल अधिकारियों / कर्मचारियों अथवा उनके परिवार के सदस्यों के मौलिक लेख, पुरस्कार योजना एवं हिंदी में गोपनीय रिपोर्ट लिखने के संदर्भ में हिंदी वाक्यांशों की जानकारी दी गई है। हमें यह पूरा विश्वास है कि रेलकर्मियों की गोपनीय रिपोर्ट हिंदी में लिखे जाने से मंडल पर राजभाषा हिंदी के प्रयोग में और अधिक वृद्धि हो सकेगी। आप सभी से अनुरोध है कि अपने विभाग / स्टेशन / डिपो में किए जा रहे कार्यों / गतिविधियों का विवरण राजभाषा विभाग को उपलब्ध कराते रहें ताकि मंडल की उपलब्धियों की जानकारी हम प्रत्येक रेलकर्मी तक पहुंचाते रहें।*

***राम प्रसाद शुक्ल***
***राजभाषा अधिकारी एवं संपादक***

| संरक्षण | मार्गदर्शन | संपादन | सहयोग |
|---|---|---|---|
| महेश कुमार गुप्ता<br>मंडल रेल प्रबंधक | प्रदीप बारापात्रे<br>अपर मंडल रेल प्रबंधक<br>एवं<br>अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी | राम प्रसाद शुक्ल<br>राजभाषा अधिकारी | राजभाषा विभाग<br>मंरेप्र प्रकोष्ठ<br>सि.एवं दू. शाखा |

(मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, राजभाषा विभाग, मध्य रेल, भुसावल द्वारा केवल सरकारी उपयोग हेतु प्रकाशित)

संपर्क नंबर: 011- 55010 / 55015 (रेलवे), 02582–223827 (भासंनिलि)